# योगी ने बेसहारा महिलाओं को दी मदद

## कहा- जनता को किसी से भी घबराने की जरूरत नहीं



**गोरखपुर 10 अगस्त प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को जनता दर्शन में लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया. इस दौरान सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीड़ितों की मदद और पात्रों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने में विलंब नहीं होना चाहिए. इसमें किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.**

मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि किसी स्तर पर कोई दिक्कत आ रही है तो उसका पता लगाकर निराकरण कराया जाए और किसी स्तर पर जानबूझकर प्रकरण को लंबित रखा गया है तो वहां जिम्मेदारी सुनिश्चित कर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाए. गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में जनता दर्शन का आयोजन किया गया था. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है. हर समस्या का वह प्रभावी निस्तारण कराएंगे. इसे लेकर उन्होंने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को मौके पर ही दो टूक समझाया कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें.

**कठोर कदम उठाए जाएं- मुख्यमंत्री**

कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जा करने की शिकायत किए जाने पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जमीन कब्जाने वाले भू-माफिया और दबंगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो. जमीन कब्जाने की शिकायतों पर विधि सम्मत कठोर कदम उठाए जाएं. प्रशासन का यह मंत्र होना चाहिए कि मनमानी किसी की नहीं चलेगी और न्याय सबको मिलेगा. कुछ मामलों में मुख्यमंत्री ने अफसरों को निर्देश दिया कि यह भी पता लगाएं कि यदि किसी को प्रशासन का सहयोग नहीं मिला है तो ऐसा क्यों और किन कारणों से हुआ. हर पीड़ित की त्वरित मदद की जाए. हर बार की तरह इस बार भी जनता दर्शन में कई लोग इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे.

### आश्रित महिलाओं को दिया आर्थिक संबल

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में दो मृतक आश्रित महिलाओं को क्रमश: पांच और दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि सौंपी और भरोसा दिलाया कि दुख और संकट की हर परिस्थिति में सरकार उनके साथ खड़ी है. मुख्यमंत्री ने गोरखपुर जिले के खजनी क्षेत्र के बेलवाडाढ़ी निवासी धर्मात्मा सिंह के निधन के बाद परिवार को आर्थिक संबल की आवश्यकता को देखते हुए उनकी पत्नी कमलेश सिंह को मुख्यमंत्री राहत कोष से पांच लाख रुपये की सहायता राशि का चेक सौंपा. गोरखनाथ मंदिर में चेक देने के साथ मुख्यमंत्री ने परिवार का हाल जाना.

# द्रोपदी मुर्मू तिमोर लेस्ते के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित



**नई दिल्ली 10 अगस्त**
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को शनिवार को देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार ग्रैंड-कॉलर ऑफ द ऑर्डर ऑफ तिमोर-लेस्ते से सम्मानित किया गया. राष्ट्रपति सचिवालय द्वारा संचालित राष्ट्रपति भवन के आधिकारिक अकाउंट ने तस्वीरों के साथ एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति जोस रामोस-होर्ता ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार ग्रैंड-कॉलर ऑफ द ऑर्डर ऑफ पोस्ट में लिखा गया, यह पुरस्कार सार्वजनिक सेवा और शिक्षा, सामाजिक कल्याण और महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति समर्पण में उनकी उपलब्धियों के सम्मान में दिया गया है.पुरस्कार प्राप्त करने के बाद, राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि यह सम्मान भारत और तिमोर-लेस्ते के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों का प्रतिबिंब है.

# विवाद के बाद मालदीव पहुंचे जयशंकर

## भारत-मालदीव संबंधों को गहरा करने पर दिया जोर

**माले, 10 अगस्त विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को यहां मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात की. दोनों नेताओं ने लोगों के लाभ के लिए भारत-मालदीव संबंधों को गहरा करने की नई दिल्ली की प्रतिबद्धता पर जोर दिया. साथ ही दोनों देशों के बीच जल एवं स्वच्छता सहित कई परियोजनाओं का समझौता हुए.**

डॉ. जयशंकर ने कहा, रक्षा मंत्री मौमून के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। भारत-मालदीव रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग, समुद्री सुरक्षा के लिए संयुक्त पहल और क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता बनाए रखने में हमारे साझा हित पर चर्चा हुई.

जयशंकर द्विपक्षीय संबंधों को सुदृढ़ करने के लिए मालदीव की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं. चीन समर्थक राष्ट्रपति के पिछले वर्ष पदभार ग्रहण करने के बाद भारत की ओर से जयशंकर की यह पहली उच्चस्तरीय यात्रा है. इससे पहले जून में मोदी की सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए राष्ट्रपति मुइज्जू



### जयशंकर ने शेयर की तस्वीर

जयशंकर ने बैठक की तस्वीर के साथ एक्स पर पोस्ट किया और लिखा राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात कर गौरवान्वित महसूस किया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुभकामनाएं उन तक पहुंचाईं. अपने लोगों और क्षेत्र के लाभ के लिए भारत-मालदीव संबंधों को गहरा करने के लिए प्रतिबद्ध हूं.

# राउत ने सिसोदिया की जमानत पर दी प्रतिक्रिया

## कहा-धोखे से जेल में डाल अधिकारों का किया हनन

**मुंबई शिवसेना सांसद संजय राउत ने शनिवार को दिल्ली के आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मनीष सिसोदिया को सुप्रीम कोर्ट द्वारा जमानत दिए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त की. एएनआई से बात करते हुए राउत ने कहा कि मनीष सिसोदिया को 17 महीने बाद जमानत मिली है.**



उन्होंने आगे कहा कि इससे पता चलता है कि कैसे एक व्यक्ति को धोखे से जेल में डाला गया और उसके अधिकारों का हनन किया गया.उन्हें 17 महीने बाद जमानत मिली. कैसे किसी व्यक्ति को धोखे से जेल में डाल दिया जाता है, और उसे जमानत भी नहीं दी जाती, उसके अधिकारों का हनन किया जाता है. मैंने भी यही दर्द महसूस किया है.

> उन्होंने कहा कि देश में मनी लॉन्ड्रिंग का मुख्य अपराधी भाजपा है. उन्होंने कहा मनीष सिसोदिया के घर से कोई पैसा नहीं मिला और उन्होंने कोई मनी लॉन्ड्रिंग नहीं की. भाजपा सरकार देश में मनी लॉन्ड्रिंग का मुख्य अपराधी है. इससे पहले आज, दिल्ली की मेयर शेली ओबेरॉय ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी की आलोचना करते हुए कहा कि कोई भी तानाशाह सरकार न्याय प्रणाली से ऊपर नहीं है.

# श्री चित्रा का डब्ल्यूएचओ के साथ एमओयू

**तिरुवनंतपुरम, 10 अगस्त (वार्ता)** केरल के श्री चित्रा तिरुनल इंस्टीट्यूट फॉर मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) ने शनिवार को विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ मिलकर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए. इस मौके पर मुख्य अतिथि केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, नीति आयोग के सदस्य एवं संस्थान के अध्यक्ष डॉ. वीके सारस्वत, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ. ए. करंदीकर, भारत में डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि डॉ. रोडेरिको एच. ऑफरिन उपस्थित थे.

# गडकरी की पंजाब के सीएम मान को चिट्ठी

## जताई नाराजगी कहा पंजाब में कानून व्यवस्था ठीक नहीं

**अमृतसर, 10 अगस्त. भारत सरकार में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पंजाब में कानून व्यवस्था का मुद्दा उठाया है. खबर है कि नितिन गडकरी ने इस संबंध में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को चिट्ठी लिखी है. इस चिट्ठी में उन्होंने लिखा है कि पंजाब में कानून व्यवस्था ठीक नहीं है.**

नितिन गडकरी ने कहा, पंजाब में एनएचएआई के अधिकारी और ठेकेदार परेशान हो रहे हैं. पंजाब में 103 किमी के 3263 करोड़ के प्रोजेक्ट बंद कर दिए गए हैं.



### गडकरी ने दी चेतावनी

नितिन गडकरी ने कहा कि पंजाब के पीडब्ल्यूडी मंत्री के साथ बैठक के बाद भी हालात नहीं सुधरे बल्कि और भी ज्यादा बदतर हो गए हैं. उन्होंने पंजाब सरकार को बड़ी चेतावनी देते हुए कहा, अगर ऐसे ही चलता रहा तो 293किमी के 14288 करोड़ के प्रोजेक्ट बंद कर देंगे. बता दें कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है.



# सोरेन को जन्मदिन पर प्रधानमंत्री समेत कई मंत्रियों ने दी बधाई

**रांची, 10 अगस्त.** शनिवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जन्मदिन है. वे शनिवार को 48 वर्ष के हो गए है. हेमंत सोरेन का जन्म रामगढ़ जिला के नेमरा में 10 अगस्त, 1975 को हुआ था. इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत कई मंत्रियों ने उन्हें बधाई दी है.

## एक नजर में



### ब्लिंकन और इजरायली मंत्री ने गाजा पर की चर्चा

**वाशिंगटन.** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शनिवार को भारत के समयानुसार इजरायली रक्षा मंत्री योआव गैलेंट से बात की और क्षेत्र में तनाव कम करने के लिए चल रहे प्रयासों पर चर्चा की. अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, ब्लिंकन ने इजरायल की सुरक्षा के लिए वाशिंगटन की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि की और चर्चा की कि तनाव बढ़ाना किसी भी पक्ष के हित में नहीं है. अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, सचिव ने गाजा में युद्ध विराम पर पहुंचने की तत्काल आवश्यकता को दोहराया, जिससे बंधकों की रिहाई सुनिश्चित हो सके, मानवीय सहायता में वृद्धि हो सके और व्यापक क्षेत्रीय स्थिरता के लिए स्थितियां बन सकें. उन्होंने एक राजनयिक समाधान पर पहुंचने के महत्व को भी रेखांकित किया, जिससे इजरायली और लेबनानी दोनों परिवार अपने घरों को लौट सकें. शुक्रवार को, इज़राइल ने कतर, मिस्र और अमेरिकी मध्यस्थों को भी जवाब देते हुए कहा कि वह 15 अगस्त को गाजा युद्धविराम समझौते पर बातचीत फिर से शुरू करने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल भेजेगा. इज़राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने एक बयान में कहा, संयुक्त राज्य अमेरिका और मध्यस्थों के प्रस्ताव के बाद, इज़राइल 15 अगस्त को वार्ता प्रतिनिधिमंडल को एक निर्धारित स्थान पर भेजेगा, ताकि रूपरेखा के कार्यान्वयन के लिए विवरण का सारांश दिया जा सके. काहिरा, दोहा और वाशिंगटन ने इज़राइल और हमास के बीच एक सप्ताह के संघर्ष विराम की मध्यस्थता की, जो नवंबर 2023 के अंत में समाप्त हो गया, जिसमें फ़िलिस्तीनी कैदियों और इज़राइली बंधकों के बीच अदला-बदली और गाजा में अधिक मानवीय सहायता पहुँचाना शामिल था. जैसे-जैसे संघर्ष बढ़ता गया, युद्धविराम समझौते तक पहुँचने के लिए मध्यस्थता के प्रयास अब तक असफल रहे हैं.

### ब्रिक्स नयी बहुध्रुवीय दुनिया में सबसे आगे

**संयुक्त राष्ट्र.** ब्रिक्स गठबंधन बहुध्रुवीय विश्व की नयी संरचना का नेतृत्व कर रहा है और वेनेजुएला ने अपना योगदान देने की इच्छा जतायी है. यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र में वेनेजुएला के उप राजदूत जोकिन पेरेज़ एस्ट्रान ने दी. एस्ट्रान ने कहा कि ब्रिक्स उभरती हुई इस नयी बहुध्रुवीय दुनिया में सबसे आगे है और वेनेजुएला इस नयी दुनिया के एकीकरण में योगदान देना चाहता है.

### अमेरिकी सेनाओं ने हूती ड्रोन नष्ट किए

**सना.** अमेरिकी मध्य कमान (सेंटकॉम) ने उत्तरी यमन में शासन करने वाले अंसार अल्लाह (हूती) आंदोलन के एक मिसाइल लॉन्चर, एक मानवरहित सतह पोत (यूएसवी) और लाल सागर के ऊपर दो ड्रोन को नष्ट कर दिया है. सेंटकॉम ने एक बयान में कहा कि पिछले 24 घंटों में उसके बलों ने यमन के हूती-नियंत्रित क्षेत्रों में एक ईरान समर्थित मिसाइल लांचर और एक यूएसवी को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया. इसके अतिरिक्त लाल सागर के ऊपर दो हूती ड्रोन को भी नष्ट कर दिया. बयान में कहा गया है कि ये हथियार अमेरिका और गठबंधन बलों तथा क्षेत्र में कारोबार करने वाले जहाजों के लिए स्पष्ट एवं आसन्न खतरा हैं. गाजा संघर्ष के बाद हूती विद्रोहियों ने अपने हमलों को बढ़ा दिया है. हूती लड़ाकों ने नवंबर 2023 में इजरायल से जुड़े किसी भी जहाज पर तब तक हमला करने की कसम खाई है जब तक कि वह गाजा पट्टी में सैन्य कार्रवाई को रोक नहीं देता. हूती हमलों के बीच, कुछ कंपनियों ने लाल सागर के माध्यम से शिपमेंट को निलंबित कर दिया है. इन हमलों ने अमेरिका को एक बहुराष्ट्रीय गठबंधन बनाने के लिए प्रेरित किया, जिसमें ब्रिटेन और अन्य देश शामिल हैं. गठबंधन का उद्देश्य लाल सागर के क्षेत्र में नौवहन की रक्षा करने के साथ-साथ जमीन पर हूती लक्ष्यों पर हमला करना शामिल है.

# छत्तीसगढ़ में न हो दिल्ली जैसी घटना : सीएम साय

## साय का फैसला, अब कोचिंग सेंटर का होगा सुरक्षा ऑडिट

**रायपुर, 10 अगस्त. नईदिल्ली के कोचिंग सेंटर में हादसे के बाद छत्तीसगढ़ सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने कोचिंग, स्कूल, हॉस्टल, अस्पताल, शॉपिंग मॉल व शैक्षणिक संस्थानों का एक महीने के भीतर ऑडिट कराने के निर्देश जारी किए हैं.**

ऑडिट में फायर फाइटिंग सिस्टम, फायर अलार्म आदि का परीक्षण किया जाना है. साथ ही बिल्डिंग सेफ्टी, सीसीटीवी, सुरक्षा स्टाफ सहित अन्य मानकों का बारीकी से पड़ताल किया जाना है. यह ऑडिट नगर-निगम, नगर पालिका व नगर पंचायत क्षेत्रों में किया जाना है. ऑडिट के लिए गठित समिति को एक महीने के भीतर प्रतिवेदन संबंधित निकायों के कमिश्नरों को सौंपा जाना है.



**निगम से लेकर नगर पंचायतों में समितियों का गठन**

सुरक्षा जांच के लिए निगम से लेकर नगर पंचायतों में समितियों का गठन होगा. समितियों में वरिष्ठ अभियंता, राजस्व विभाग के प्रतिनिधि, मुख्य नगर पालिका अधिकारी आदि अधिकारी शामिल होंगे. आदेश में कहा गया है कि इन संस्थानों में नियमित रूप से निगरानी समिति जांच करेगी.

### कोचिंग सेंटर में जलभराव से छात्रों की मौत

नईदिल्ली के राव आईएएस स्टडी सर्किल के बेसमेंट में जलभराव होने की वजह से तीन छात्रों की मौत हो गई, वहीं 12 छात्रों को मुश्किल से बाहर निकाला गया. इससे पहले नईदिल्ली में ही कोचिंग सेंटर में आगजनी की वजह से 60 से अधिक छात्र आग में झुलसते बचे. कई छात्र बिल्डिंग से नीचे कूदते जख्मी हो गए.

# माझी योजना को लेकर शिंदे का विपक्ष पर हमला

## शिंदे ने सौतेले भाइयों से सावधान रहने को कहा

**ठाणे, . महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विपक्षी दलों पर लड़की बहिन योजना के बारे में अफवाह फैलाने का आरोप लगाया है. उन्होंने लोगों से ऐसे सौतेले भाइयों से सावधान रहने के लिए कहा है.**

गृह क्षेत्र ठाणे में बोलते हुए शिंदे ने कहा कि उनकी सरकार चुनावों को ध्यान में रखकर काम नहीं करती, बल्कि लोगों के कल्याण के लिए काम करती है. बता दें कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव इस साल अक्टूबर में होने की संभावना है.

हर महीने 1,500 रुपये की



वित्तीय सहायता

चुनावों से महीनों पहले शिंदे सरकार ने मुख्यमंत्री मांझी लड़की बहिन योजना की घोषणा की थी, जिसका अर्थ है मुख्यमंत्री की मेरी प्यारी बहन योजना जिसके तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी.

मुख्यमंत्री शिंदे ने यहां येऊर में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, राज्य के नागरिकों, विशेषकर महिलाओं को सौतेले भाइयों से सावधान रहना चाहिए, जो लड़की बहिन योजना के बारे में तरह-तरह की अफवाहें फैलाते हैं. अब तक मेरी केवल एक बहन थी. अब पूरे राज्य में मेरी लाखों बहनें हैं.

### आज का इतिहास

1778 दुनिया में जिमनास्टिक्स की नींव रखने वाले जर्मन शिक्षक फेडरिक लुडविग का जन्म.

1863 कंबोडिया फ्रांस का संरक्षित देश बना.

1908 क्रांतिकारी खुदीराम बोस को फांसी दी गई.

1914 फ्रांस ने ऑस्ट्रिया और हंगरी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की.

1929 पर्शिया और इराक के बीच मैत्री संधि पर हस्ताक्षर किए गए.

1940 ब्रिटेन के पोर्टलैंड बंदरगाह पर जर्मनी ने हवाई हमला किया.



# शेख हसीना ने आधिकारिक इस्तीफा नहीं दिया : सजीब

## अवामी लीग अगले चुनाव में शामिल होगी

**ढाका 10 अगस्त (वार्ता) बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बेटे सजीब वाजिद जॉय ने शनिवार को कहा कि उन्होंने देश छोड़ने से पहले आधिकारिक तौर पर प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया है.**

सजीब ने यहां अपने बयान में कहा कि हसीना को समय नहीं मिला और उन्होंने आधिकारिक तौर पर प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया है. उन्होंने कहा मेरी मां ने एक बयान जारी करने और अपना इस्तीफा सौंपने की योजना बनायी थी , लेकिन फिर प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री के आवास की ओर मार्च करना शुरू कर दिया. और समय नहीं था.

मेरी मां के पास सामान भी नहीं था. जहां तक संविधान की बात है, तो वह अभी भी बंगलादेश की प्रधानमंत्री हैं. उन्होंने कहा कि हालांकि बंगलादेश के राष्ट्रपति ने सैन्य प्रमुखों और विपक्षी नेताओं से परामर्श के बाद संसद को भंग कर दिया था, लेकिन प्रधानमंत्री के औपचारिक रूप से इस्तीफा दिए बिना कार्यवाहक सरकार के गठन को अदालत में चुनौती दी जा सकती है.

> उन्होंने कहा कि सुश्री हसीना की अवामी लीग पार्टी अगला चुनाव लड़ेगी, जो तीन महीने के भीतर होना चाहिए. उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि अवामी लीग सत्ता में आयेगी. अगर नहीं, तो हम विपक्ष में होंगे. कोई भी रास्ता ठीक है. यह पूछे जाने पर कि क्या वह अवामी लीग के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे, सजीब ने कहा , मेरी माँ वैसे भी इस कार्यकाल के बाद सेवानिवृत्त होने वाली थीं. अगर पार्टी चाहती है, तो मैं निश्चित रूप से इस पर विचार करूंगा.

**अप्रत्याशित लैंडिंग** | **मशीनी खराबी के बाद प्लेन की हुई इमरजेंसी लैंडिंग**

# अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को मिला किस्मत का साथ!

**वाशिंगटन, 10 अगस्त (वार्ता) अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विमान में मशीनी खराबी होने के कारण उसे मोंटाना के बिलिंग्स में अप्रत्याशित लैंडिंग करना पड़ा. यह जानकारी स्थानीय एनबीसी संबद्ध केटीवीएच ने दी.**

रिपोर्ट में कहा गया कि ट्रंप का विमान शुक्रवार शाम मोंटाना के बोजमैन में एक अभियान रैली से पहले बिलिंग्स में उतरा. रिपोर्ट में बिलिंग्स हवाई अड्डे पर ट्रम्प के विमान के उतरने का फुटेज शामिल हैं, जो बोज़मैन से लगभग 140 मील दूर है. रिपोर्ट में कहा गया कि ट्रम्प के एक अलग विमान से बोज़मैन के लिए उड़ान भरने की उम्मीद है. ट्रम्प ने सोशल मीडिया



प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा कि वह मोंटाना में उतरे, राज्य को वास्तव में एक सुंदर जगह कहा, लेकिन बिलिंग्स में अप्रत्याशित लैंडिंग का उल्लेख नहीं किया.

**नहीं किया घटना का जिक्र**

मोंटाना में शीही का मुकाबला डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रत्याशी एवं मौजूदा सीनेटर जॉन टेस्टर से है. ट्रंप के प्रचार अभियान दल ने बिलिंग में उतरने के बाद पूर्व राष्ट्रपति का एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्हें यह कहते हुए सुना जा सकता है कि वह मोंटाना पहुंचकर खुश हैं. हालांकि, उन्होंने वीडियो में घटना के बारे में कोई जिक्र नहीं किया.

बता दें कि, हाल ही में डोनाल्ड ट्रंप पर जानलेवा हमला किया गया था. पेंसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली के दौरान उन पर गोलियां चलाई गई थीं. एक गोली उनके कान को छूते हुए निकल गई थी. हमला करने वाले को मौके पर ढेर कर दिया गया था. ट्रंप पर रैली के दौरान गोली चलाने वाले शख्स की पहचान 20 वर्षीय थॉमस मैथ्यू क्रुक्स के रूप में हुई थी.

### अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव

इस साल नवंबर में अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने हैं. डोनाल्ड ट्रंप इस चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी से उम्मीदवार हैं. उनके सामने चुनावी मैदान में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस हैं. चुनाव अभियान में दोनों एक दूसरे को कड़ी टक्कर दे रहे हैं

# 487 कि.ग्रा. कोकीन तस्करी मामले का सरगना जर्मनी में पकड़ा

**चण्डीगढ़, 10 अगस्त (वार्ता)** पंजाब पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए केंद्रीय एजेंसी के साथ एक संयुक्त अभियान में 487 किलोग्राम कोकीन तस्करी मामले (2020) के सरगना सिमरनजोत संधू को जर्मनी में गिरफ्तार किया है. पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि संधू एक अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी का मुख्य सरगना है और जर्मनी में मादक पदार्थ तरस्करी अपराधों के लिए वांछित है. उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों वाले संधू ने भारत और अन्य यूरोपीय देशों में मादक पदार्थों की तस्करी में प्रमुख भूमिका निभाई.